हॉल्टन डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड *प्रशासनिक कार्यविधि*

विषय: सिर पर जूं पड़ना (पडिक्युलोसिस):
प्रभावी: फरवरी 2009; 2012; 2016
समीक्षा/संशोधन का दिनांक: अक्टूबर 2017
जिम्मेदारी: सुपरिन्टेन्डेन्ट ऑफ ऐजुकेशन

प्रयोजन:
हॉल्टन डिस्ट्रिक्ट स्कूल बोर्ड स्कूल में जूं रोग (सिर के जूं) वाले बच्चों के लिए कोई-लीख-नहीं के दृष्टिकोण का समर्थन करता है।

कार्यविधियां:
स्कूलों, विशेषकर प्राथमिक स्कूलों के लिए बोर्ड सिफारिश करता है कि वे स्कूल न्यूज़लेटर में एक मद इस बारे में शामिल करें कि माता-पिता किस प्रकार सिर की जूं देखने के लिए अपने बच्चों के सिर की जांच कर सकते हैं, विशेष रूप से ग्रीष्मकालीन, शीतकालीन और मार्च के अवकाश के बाद। सिर की जूं के प्रत्येक संदिग्ध मामले की पहचान होते ही उसे स्क्रीनिंग एजेंसी को रेफर करना जरूरी है। यह एजेंसी फिर दशा की जांच करेगी। स्क्रीनिंग एजेंसी प्रधानाचार्य के परामर्श से सिर की जूं की पुष्टि वाले मामले(लों) की जानकारी संबंधित माता-पिता को देगी। प्रधानाचार्य द्वारा हस्ताक्षरित पत्र (परिशिष्ट A) प्रत्येक बच्चे के पास उसके घर भेजा जाएगा। माता-पिता को सूचित किया जाएगा कि उनके बच्चे के कक्षा में लौटने से पहले यह जरूरी है कि वे किसी स्क्रीनिंग एजेंसी अथवा चिकित्सा पेशेवर से रिटर्न-टु-स्कूल फॉर्म पर हस्ताक्षर करवाएं।

1. कक्षा का निरीक्षण

- कक्षा के निरीक्षण में सुविधा के लिए, अध्यापक कक्षा का आयोजन एवं पर्यवेक्षण करेगा तथा स्क्रीनिंग एजेंसी को कक्षा की सूची उपलब्ध कराएगा जिसमें अनुपस्थित छात्रों के नाम दिए गए हों।
- प्रधानाचार्य यह सुनिश्चित करेगा कि स्क्रीनिंग एजेंसी को मालूम रहे कि सिर पर धार्मिक आवरण वाले छात्रों की ज़रूरतों को ध्यान में रखा जाए।
- जब सिर की जूं होने के किसी मामले की सूचना प्रधानाचार्य को दी जाएगी, तो वह ऐसे छात्र के सभी कक्षा साथियों एवं भाई-बहनों का त्वरित निरीक्षण करने के लिए स्क्रीनिंग एजेंसी की व्यवस्था करेगा।
- स्क्रीनिंग एजेंसी फिर अध्यापक और कक्षा को समझाएगी कि उन्हें क्या करना है।
- स्क्रीनिंग एजेंसी सिर की जूं वाले छात्रों के प्रधानाचार्य को सूचना देगी।
- प्रधानाचार्य सभी जूं वाले मामलों के लिए एक सूचना पत्र (परिशिष्ट A) पूरा करेगा। यह सूचना पत्र बच्चे के साथ घर भेजा जाएगा।
- यदि स्कूल में बड़ी संख्या में सिर की जूं का प्रकोप हो जाता है, तो यह सिफारिश की जाती है कि प्रधानाचार्य सभी माता-पिता को पत्र द्वारा सूचना दे।

2. उपचार के बाद स्कूल लौटने की कार्यविधियां
जब स्क्रीनिंग एजेंसी छात्रों की पुन:जांच कर देगी और उन्हें अपेक्षित फॉर्म दे देगी, जिस पर यह इंगित करने के लिए स्क्रीनिंग एजेंसी पर्सनल सर्विस वर्कर के हस्ताक्षर होंगे कि छात्र कक्षा में लौट सकता है, तब छात्र स्कूल में लौट सकते हैं।
वैकल्पिक रूप से, माता-पिता अपने बच्चे के सिर की जांच किसी चिकित्सा पेशेवर से अथवा पंजीकृत जूं स्क्रीनिंग एजेंसी के किसी ऐसे कर्मचारी से भी करवा सकते हैं जिसके पास कम से कम पर्सनल सर्विस वर्कर के पदनाम का प्रमाणन हो।

परिशिष्ट **A**
(नमूना)

(स्कूल का लेटरहेड)

(दिनांक)

प्रिय (माता-पिता/अभिभावक का नाम):
स्कूल में सिर की जूं होने के संदेह के कारण, हाल ही में एक स्वास्थ्य जांच करवाई गई थी। परिणामस्वरूप, आपके बच्चे को सिर की जूं से प्रभावित पाया गया। आपके बच्चे को स्कूल से बाहर रखा जा रहा है क्योंकि उसके सिर की खाल में जूं और/अथवा लीखें पाई गई हैं।
आपकी सहायता के लिए, सिर की जूं पर एक जानकारी पैकेज स्कूल में उपलब्ध है। कृपया उचित उपचार तय करने के लिए किसी फार्मासिस्ट अथवा अपने फैम्ली डॉक्टर से परामर्श करें।
जब आपके बच्चे के बालों से सभी जूं और लीखें हटा दी जाएं, तब कृपया वी केयर होम हेल्थ सर्विसेज़ की हॉटलाइन **(905) 507-6562** अथवा **1-855-507-6562** पर कॉल करें। रिसेप्शनिस्ट आपको उन जगहों के बारे में सलाह देगा(गी) जहां आप अपने बच्चे को पुन: जांच के लिए ले जा सकते हैं। यदि आप साइट पर जाने में असमर्थ हैं, तो वैकल्पिक (दोपहर के) स्थानों के लिए वी केयर होम हेल्थ सर्विसेज़ को कॉल करें। वैकल्पिक रूप से, माता-पिता अपने बच्चे के सिर की जांच किसी चिकित्सा पेशेवर से अथवा पंजीकृत जूं स्क्रीनिंग एजेंसी के किसी ऐसे कर्मचारी से भी करवा सकते हैं जिसके पास कम से कम पर्सनल सर्विस वर्कर के पदनाम का प्रमाणन हो।

वी केयर होम हेल्थ सर्विसेज़ के पर्सनल सर्विस वर्कर (PSW), अन्य पंजीकृत जूं स्क्रीनिंग एजेंसी, अथवा किसी चिकित्सा पेशेवर द्वारा पुन:जांच करने के बाद, यदि बच्चे का सिर जूं, अंडों और लीखों से मुक्त होगा, तो आपको एक फॉर्म दिया जाएगा जिसमें आपके बच्चे को स्कूल में लौटने की अनुमति दी जाएगी। यदि आपके बच्चे के बालों में फिर भी जूं या लीखें होंगी, तो स्क्रीनिंग एजेंसी का पर्सनल सर्विस वर्कर आगे के उपचार के लिए आपको सहायता एवं सुझाव उपलब्ध कराएगा।

भवदीय,
(प्रधानाचार्य का नाम)

परिशिष्ट **B:**
(नमूना)

(स्कूल का लेटरहेड)

(दिनांक)

प्रिय (माता-पिता/अभिभावक का नाम):

पिछले सप्ताह में, आपके बच्चे की कक्षा के कुछ बच्चों में सिर की जूं पाई गई हैं। यह सलाह दी जाती है कि आप प्रतिदिन अपने बच्चे के बालों की जांच करते रहें।

सिर की जूं का प्रकोप साफ-सफाई की दशा को व्यक्त नहीं करता है; यह बार-बार होने वाली समस्या है जो सीधे संपर्क में आने वाले किसी भी व्यक्ति में हो सकती है।

यदि आपको पता चलता है कि आपके बच्चे के सिर में जूं हैं, तो यह सिफारिश की जाती है कि आप स्कूल से संपर्क करें। सिर की जूं के फैलने पर नियंत्रण के लिए यह सूचना आवश्यक है। जिन बच्चों के सिर में जूं पाई जाएंगी उन्हें स्कूल से बाहर रखा जाएगा और माता-पिता को सलाह दी जाएगी कि वे सिफारिश किए गए उपचार का तरीका अपनाएं।

जब वी केयर होम हेल्थ सर्विसेज़ द्वारा छात्रों की जांच कर दी जाएगी और उन्हें हस्ताक्षर किया हुआ रिटर्न टु स्कूल फॉर्म दे दिया जाएगा, तब वे स्कूल में लौट सकते हैं। वैकल्पिक रूप से, माता-पिता अपने बच्चे के सिर की जांच किसी चिकित्सा पेशेवर से अथवा पंजीकृत जूं स्क्रीनिंग एजेंसी के किसी ऐसे कर्मचारी से भी करवा सकते हैं जिसके पास कम से कम पर्सनल सर्विस वर्कर के पदनाम का प्रमाणन हो।

यदि आपके कोई भी ऐसे प्रश्न हैं जिनके उत्तर नहीं दिए गए हैं, तो कृपया मुझे स्कूल में कॉल करें

भवदीय,
(प्रधानाचार्य का नाम)

परिशिष्ट **C**

प्रस्तावना
सिर पर जूं पड़ने (पडिक्युलोसिस) के नियंत्रण में किसी प्राइवेट नर्सिंग एजेंसी की सेवाओं का समन्वय और निगरानी शामिल है, ताकि कक्षा की स्क्रीनिंग उपलब्ध कराई जा सके।

भूमिकाएं और जिम्मेदारियां

1. पब्लिक हेल्थ नर्स **(905) 825-6000**
- अनुरोध करने पर, सिर की जूं से संबंधित मौजूदा समस्याओं पर स्टाफ को सलाह प्रदान करता(ती) है
- मीडिया को सिर की जूं पर जानकारी उपलब्ध कराती(ती) है।

2. स्कूल प्रधानाचार्य
- स्कूल के वातावरण में सिर की जूं पर नियंत्रण हेतु रोकथाम के उपायों को बढ़ावा देता है एवं उन्हें लागू करता है
- सिर की जूं के किसी संदिग्ध/पुष्टि हो चुके मामले की सूचना प्राइवेट स्क्रीनिंग एजेंसी को देता है ताकि कक्षा की त्वरित स्क्रीनिंग के लिए अनुरोध किया जा सके।
- सिर पर धार्मिक आवरण वाले बच्चे/बच्चों के माता-पिता से संपर्क करता है ताकि उनकी ज़रूरतों को ध्यान में रखने पर चर्चा की जा सके।
- सुनिश्चित करता है कि बच्चे के माता-पिता को पहचान किए गए प्रकोप की सूचना दी जाए और स्कूल लौटने से पहले की अपेक्षाओं के बारे में जानकारी दी जाए।
- पहचान किए गए प्रकोप वाले बच्चे को स्कूल से बाहर रखता है
- उपचार के बाद और स्क्रीनिंग एजेंसी अथवा चिकित्सा पेशेवर से यह लिखित पुष्टि मिल जाने के बाद कि जूं और लीखें अब नहीं रह गई हैं, बच्चे को फिर से स्कूल में आने की अनुमति देता है।

3. अध्यापक
- कक्षा में सिर की जूं पर नियंत्रण हेतु रोकथाम के उपायों को सक्रिय रूप से बढ़ावा देता है एवं उन्हें लागू करता है
- सिर की जूं के प्रकोप को इंगित करने वाले लक्षणों की जानकारी रखता है (परिशिष्ट D)
- सिर पर धार्मिक आवरण वाले छात्रों के बारे में, जिनकी ज़रूरतों को ध्यान में रखने की आवश्यकता हो सकती है, स्कूल प्रधानाचार्य को जानकारी देता है।
- किसी संदिग्ध प्रकोप की सूचना प्रधानाचार्य को देता है।
- सिर की जूं के बारे में डर और भ्रामक जानकारी को कम करने के उद्देश्य से, माता-पिता को जानकारी के अवसर एवं संसाधन सामग्री उपलब्ध कराने हेतु उनसे संपर्क करता है।

4. माता-पिता/अभिभावक
- उन लक्षणों की जानकारी रखना जो प्रकोप की ओर इशारा करते हैं
- सप्ताह में एक बार संभावित प्रकोप के लिए बच्चे के सिर की जांच करना, विशेष रूप से स्कूल वर्ष शुरू होने के समय, स्कूल अवकाशों के बाद तथा उस दौरान जब रोग व्यापक रूप से फैल जाए
- रोकथाम के उपाय के तौर पर, बच्चे को रात में बालों को ब्रश/कंघी करने के लिए प्रोत्साहित करना
- यदि प्रकोप का पता चलता है तो स्कूल को और संपर्क में आने वाले अन्य समुदाय सदस्यों को सूचित करना
- यह सुनिश्चित करना कि उपचार की विधियां लागू की जाएं
- बच्चे को पुन: जांच के लिए स्क्रीनिंग एजेंसी अथवा चिकित्सा पेशेवर के पास ले जाना
- एजेंसी अथवा चिकित्सा पेशेवर द्वारा दिया गया पुन:जांच फार्म जिसमें यह दर्शाया गया हो कि बच्चा स्कूल में लौट सकता है, प्रधानाचार्य को उपलब्ध कराना।

5. प्राइवेट एजेंसी स्टाफ

- स्कूल द्वारा संदिग्ध मामले की सूचना देने पर जल्दी से जल्दी कार्रवाई करता है
- कक्षा की त्वरित स्क्रीनिंग के लिए प्रधानाचार्य के साथ समय और अन्य चीजों का खयाल रखने हेतु व्यवस्था करता है
- सिर पर धार्मिक आवरण वाले छात्रों की ज़रूरतों को ध्यान में रखने की व्यवस्था करता है, जैसा प्रधानाचार्य द्वारा रेखांकित किया गया हो
- माता/पिता को सिफारिश की गई उपचार विधियों की जानकारी देता है
- बच्चे को होने वाली किसी भी शर्मिंदगी को कम से कम करने तथा माता/पिता की चिंता दूर करने के लिए स्कूल कार्मिकों के साथ घनिष्ठता से काम करता है
- जब सभी लीखें और जूं खत्म हो जाती हैं तो माता/पिता को स्कूल ले जाने के लिए एक हस्ताक्षर किया हुआ पुन: प्रवेश फॉर्म उपलब्ध कराता है।

6. एजेंसी स्टाफ के लिए स्कूल प्रशासन के साथ सहयोग हेतु स्क्रीनिंग प्रोटोकॉल

जब एक या अधिक बच्चों में सिर की जूं का पता चलता है:

- बच्चे की कक्षा में सभी छात्रों की स्क्रीनिंग करना
- यदि भाई-बहन में भी सिर की जूं पाई जाती है, तो उसकी कक्षा में सभी छात्रों की स्क्रीनिंग करना।

जब दस या अधिक बच्चों में सिर की जूं का पता चलता है:

- स्कूल में किंडरगार्टन से लेकर ग्रेड चार तक सभी कक्षाओं की स्क्रीनिंग करना
- ऊपर बताए गए अनुसार, पहचान किए गए मामले(लों) की दृष्टि से प्रासंगिक अन्य कक्षाओं की स्क्रीनिंग करना।

7. कार्यविधि**:**

- यदि संभव हो, तो अच्छी रोशनीयुक्त दशा तथा निजता सुनिश्चित करना
- ऐप्लिकेटर का प्रयोग करके लटों को अलग करना
- प्रयोग के बाद ऐप्लिकेटर को थैली में फेंक देना
- बच्चे की पहचान केवल तभी प्रभावित के तौर पर करना जब खोपड़ी में 1 सेमी. (1/2 इंच) के भीतर जीवित जूं अथवा जीवनक्षम अंडे देखे जाएं
- माता-पिता/अभिभावकों को सूचित करना और उन्हें सलाह देना कि बच्चे का जल्दी से जल्दी उपचार किया जाए
- यह सुनिश्चित करना कि माता-पिता/अभिभावकों को उपचार, फॉलो-अप और संपर्क ढूंढ़ने के बारे में सामयिक साहित्य प्राप्त हो
- भाई-बहनों के संपर्क में आने वालों की स्क्रीनिंग कक्षा से बाहर निजता वाले स्थान पर करना।

परिशिष्ट **D**

सिर पर जूं पड़ने के लक्षण

यह बहुत महत्वपूर्ण है कि माता-पिता/देखभालकर्ता सप्ताह में एक बार अपने बच्चों के सिर में जूं की जांच करें।
सिर पर जूं पड़ने के संकेत के लिए, खुजली होने तक प्रतीक्षा न करें। खुजली होने से पहले कई हफ्तों तक बच्चों के सिर में जूं रह सकती हैं।
यदि आप निम्नलिखित को देखते हैं तो आपको पता चलेगा कि सिर की जूं पड़ गई है:

- बालों में जीवित जूं। सिर की जूं बहुत छोटे, पंखहीन, भूरे रंग के कीट हैं। ये मुश्किल से दिखाई देते हैं क्योंकि जब आप बालों को अलग करते हैं तो ये फुर्ती से दूसरी जगह चले जाते हैं।
- सिर की जूं के अंडे। ताजे दिए गए अंडे बालों के डंठल से चिपके रहते हैं और सिर की खाल के बहुत नजदीक दिए गए होते हैं। ये अंडे पिन की नोक से भी छोटे होते हैं, अंडाकार होते हैं और सफेद से लेकर भूरे रंग के होते हैं। ये अंडे 7-10 दिनों में सेते हैं। यद्यपि सिर की जूं सिर पर कहीं भी अंडे दे सकती हैं, फिर भी उनके पसंदीदा स्थान हैं कानों के आसपास की जगह तथा गर्दन की गुद्दी वाली जगह।

पब्लिक हेल्थ नर्स
हॉल्टन पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट
हॉल्टन रीजन